केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

दिनांक: 27.11.2018

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/293
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00255
CICOM/R/2018/50781

अपीलकर्ता : श्री वेद प्रकाश अगरवाल,
सी – 16, सैक्टर – 3,
चिरंजीव विहार, गाजियाबाद,
उत्तर प्रदेश – 201002.

निर्णय की तारीख : 27.11.2018

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 12.10.2018 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 05.11.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री जीवन चंद्र |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 12.11.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 521/19.11.2018 (5412/16.11.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 12.10.2018 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से दिनांक 12.10.2018 को आयोजित केन्द्रीय सूचना आयोग के वार्षिक सम्मेन से संबंधित पांच बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में आवेदन के बिंदु सं. 2 एवं 5 के तहत श्री जीवन चंद्र, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध अपीलकर्ता द्वारा प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन एवं आर.टी.आई. आवेदन) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता द्वारा उक्त आर.टी.आई. आवेदन के बिंदु सं. 2 एवं 5 के तहत पूर्ण सूचना श्री जीवन चंद्र, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 05.11.2018 के पत्र के माध्यम से प्रदान की जा चुकी है जिसमें बिंदु सं. 2 के तहत वार्षिक सम्मेलन के आयोजन में हुए खर्च का विवरण भी दिया गया है एवं बिंदु सं. 5 के तहत प्रदान की गई सूचना में दिए गए वेबसाईट लिंक में भाषण देने वालों का विवरण भी उपलब्ध है । **तद्नुसार श्री जीवन चंद्र, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 05.11.2018 को प्रदान की गई सूचना से अधोहस्ताक्षरी सहमत हैं तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
29 NOV 2018
D. No............
Initials............

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

28/11/18